राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1259

26 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

इस्पात उद्योग में मंदी

1259. श्री शंकरभाई एन॰ वेगड़ः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस्पात उद्योग में मंदी की जानकारी है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): मंदी एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक लंबी समयावधि तक उत्पादन में लगातार स्पष्ट गिरावट होती रहती है। तथापि, घरेलू इस्पात उद्योग ने क्रूड इस्पात उत्पादन और फिनिश्ड इस्पात खपत दोनों में वृद्धि दिखाई है जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	क्रूड इस्पात का उत्पादन (एमटी में)	% वृद्धि	कुल फिनिश्ड इस्पात की खपत (एमटी में)	% वृद्धि
2013-14	81.69	4.2	74.09	0.8
2014-15	88.98	8.9	76.99	3.9
2015-16	89.79	0.9	81.25	5.9
2016-17 (अनंतिम)	97.44	8.5	83.65	2.6
अप्रैल-मई 2017 (अनंतिम)	16.44	4.8	13.80	4.2

(स्रोत: जेपीसी)

*****